# युवा Influencers बोले- एक सफल राष्ट्र और सशक्त समाज का मंच है Swadesh Conclave 2023

*Swadesh Conclave 2023: इस मौके पर देश के कई युवा इन्फ्लूयेंसर्स ने लोगों को मनोबल बढ़ाया। सभी ने देश के विकास और भावी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने को कहा।*

By - August 21, 2023




*Swadesh Conclave 2023: Youth Influencers news*

**Swadesh Conclave 2023:** प्रतिष्ठित वार्षिक स्वदेश कॉन्क्लेव- इन्फ्लूयेंशल इंडिया का भव्य आयोजन नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में सोमवार को किया गया।इस कॉन्क्लेव का आयोजन बालाजी फाउंडेशन, एपीएन न्यूज़ और इंडिया लीगल की ओर से किया जा रहा है। दैनिक जागरण कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर है।इस मौके पर देश के कई युवा इन्फ्लूयेंसर्स ने लोगों को मनोबल बढ़ाया।

सभी ने देश के विकास और भावी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने को कहा। कहा कि कोई भी काम जीवन में असंभव नहीं, क्योंकि अगर हमारी इच्छाशक्ति मजबूत होगी, तो सभी काम अपने आप पूरे हो जाएंगे।

*Swadesh Conclave 2023*

## Swadesh Conclave 2023: जानिए क्या बोले Influencers?

सोशल मीडिया पर अपने कई मिलीयन व्यूवर्स के बीच मशहूर इन्फ्लूयेंशर **अमित क्रेजी** ने कहा कि आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं,क्योंकि आप ऐसे लोगों को भी मोटीवेट करने का काम कर रहे हैं, जो बाकी लोगों को मोटीवेट कर रहे हैं। याद रखिये जीवन में कुछ भी काम असंभव नहीं है।स्वदेश कॉन्क्लेव के आयोजन पर आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा जीवन में हमेशा सकारात्मक बने रहें।

इन्फ्लूयेंशर अमित लढा ने कहा कि खुद पर इन्वेस्ट करो, कई गुना लौटकर मिलेगा। लोगों को संबोधित करते हुए बोले देश को आज आप जैसे ही लोगों की सख्त जरुरत है।

इन्फ्लूयेंशर संदीप पारेख ने कहा 'डार्क वेब' के इस दौर में आज हम सभी को साइबर क्राइम के बारे में जागरुक होने की आवश्यकता है।

इन्फ्लूयेंश इला डी वर्मा ने कहा मैं हाशिए पर जीवन जीने को मजबूर समाज की रुपरेखा से लोगों को अवगत करा रहीं हूं।एक ट्रांसजेंडर होने के साथ मैंने समाज के साथ संघर्ष किया, संघर्ष आज भी जारी है।ये कहते हुए वह भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि सड़क पर भीख मांग रहे लोगों को एक मौका अपने ऑफिस में काम करने के तौर पर दें।

**संबंधित खबरें**

- Swadesh Conclave 2023: मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की भूमिका बेहद अहम- हरदीप सिंह पुरी
- Swadesh Conclave 2023: Artificial Intelligence के बढ़ते चलन पर ILRF अध्यक्ष प्रदीप राय बोले – एआई ने लीगल वर्ल्ड में सभी का काम आसान बनाया